an>

Title: Landslide in Arunachal Pradesh

श्री तापिर गाव (अरुणाचल पूर्व): ऑनरेबल चेयरमैन सर, पूर्वोत्तर राज्यों में छः महीने मॉनसून होता है, स्पेशियली हमारे अरुणाचल प्रदेश में मार्च महीने से लेकर सितम्बर महीने तक बहुत बारिश होती है । इसकी वज़ह से हमारे अरुणाचल प्रदेश में इस बार रिकॉर्ड 19 लोगों की मौत लैंडस्लाइड में हुई है । इसलिए, मैंने जल शक्ति मिनिस्टर से, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया से रिक्वेस्ट किया । हमारे अरुणाचल प्रदेश में जब बारिश होती है तो सड़कें खिसक जाती हैं, पुल बह जाते हैं । वहां ऊपर से लैंडस्लाइड होकर बहुत लोगों की मौत हो गई ।

इसलिए मैं गवर्नमेंट ऑफ इंडिया से यह मांग करूंगा कि गवर्नमेंट ऑफ अरुणाचल प्रदेश ने रिस्टोरेशन और फ्लड कंट्रोल के लिए जो स्कीम्स यहां फॉरवर्ड की है, इस पर ध्यान दिया जाए । असम में इस बार फ्लड में 195 लोगों की मौत हुई । एक्चुअली, इसे नैचुरल कैलेमिटीज़ में शामिल किया जाना चाहिए था । पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश के छः महीने में बहुत कठिनाई होती है । इसलिए इस कठिनाई पर केन्द्र सरकार ध्यान दे ।